# मॉल्डोवा और ट्रांसनिस्ट्रिया

**स्रोत: बीबीसी**

हाल ही में, यूक्रेन ने **अपने क्षेत्र से रूसी गैस की सप्लाई बंद** कर दिया है, जिससे दिसंबर, 2024 में युद्ध-पूर्व ट्रांजिट समझौते की समाप्ति के बाद **यूरोप** तक पहुँचने वाला **प्रमुख सप्लाई मार्ग बंद** हो गया है।

- **मॉल्डोवा और ट्रांसनिस्ट्रिया,** जो सर्दियों के दौरान विद्युत् की आपूर्ति और हीटिंग के लिये मुख्यतः रूसी गैस पर निर्भर रहते हैं, को इसके परिणामस्वरूप ऊर्जा संकट का सामना करना पड़ रहा है।
  - **मॉल्डोवा** :
    - मॉल्डोवा एक **छोटा पूर्वी यूरोपीय देश** है, **जिसकी सीमा पूर्व में यूक्रेन** और **पश्चिम में रोमानिया** से लगती है ।
    - **हाल ही में, मॉल्डोवा ने नई दिल्ली में** अपने दूतावास का उद्घाटन किया है।
    - वर्ष 1991 में सोवियत संघ के विघटन और मॉल्डोवा की स्वतंत्रता के बाद वर्ष 1992 में भारत और मॉल्डोवा ने राजनयिक संबंध स्थापित किये है।
- **ट्रांसनिस्ट्रिया:**
  - यह **मॉल्डोवा में रूस समर्थित एक अलग क्षेत्र है जिसे "सोवियत संघ के भाग (Remnant of the Soviet Union)"** के रूप में वर्णित किया गया है जो वर्ष 1991 में **सोवियत संघ** के पतन के बाद मॉल्डोवा के बाकी हिस्सों से अलग हो गया था ।
  - जब वर्ष 1990-1992 में मॉल्डोवन सैनिकों ने इस क्षेत्र पर कब्ज़ा करने की कोशिश की, तो ट्रांसनिस्ट्रिया में मौजूद रूसी सैनिकों की वजह से ट्रांसनिस्ट्रिया उनका विरोध करने में सक्षम हुआ। तब से, यह मॉल्डोवन नियंत्रण से मुक्त है।
    - हालाँकि, अधिकांश देश ट्रांसनिस्ट्रिया को मॉल्डोवा का हिस्सा मानते हैं। रूस द्वारा भी इसे स्वतंत्र नहीं माना गया है।
  - अधिकांश ट्रांसनिस्ट्रियनों के पास **रूस और ट्रांसनिस्ट्रिया की दोहरी नागरिकता** या **मॉल्डोवा, ट्रांसनिस्ट्रिया और रूस** की तिहरी नागरिकता है ।

**और पढ़ें:** रूस-यूक्रेन संघर्ष, भारत में मॉल्डोवा का दूतावास खोलना, रूस-यूक्रेन युद्ध में ट्रांसनिस्ट्रिया

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/moldova-and-transnistria